

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

कंगना रनोट ने शादी को लेकर दिए संकेत

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 166 ■ गुरुवार, 19 सितंबर 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# शहर में 11595 मूर्तियां विसर्जित







## ■ धूमधाम से गणपति बाप्पा हुए विदा

**उल्हासनगर.** सिर्फ मुंबई ही नहीं बल्कि देश भर में भगवान गणेश का स्वागत भक्तों ने श्रद्धा के साथ किया था। लेकिन देखते ही देखते 10 दिनों का उत्सव खत्म हुआ और अपने भक्तों पर आशीर्वाद बरसाने के बाद अब बाप्पा के अपने लोक वापस लौटने का समय हो गया। 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के दिन भारी मन और नम आंखों के साथ बप्पा को विदा किया गया। शहर में गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आना की डीजे और बैण्डबाजों की धुनों के साथ गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन किया। गली मोहल्लों में गणपति बप्पा मोरिया.. पुढच्या वर्षी लवकर या... की स्वर लहरियों गाजे-बाजे के साथ प्रथम पूज्य गणपति को उत्साह के साथ विसर्जित किया गया। इसके साथ ही दस दिवसीय गणपति महोत्सव का समापन भी हो गया। गणपति को विदा करने के लिए छोटे बड़े सभी शामिल हुए।

उल्हासनगर में गणेशोत्सव के 10 दिनों के दौरान कुल 11,595 मूर्तियां विसर्जित की गईं. जिनमें पर्यावरण-अनुकूल/शाडू मिट्टी विसर्जन मूर्तियों की कुल संख्या 2,394 रही. वहीं 9164 POP से बनी गणेश मूर्तियों का विसर्जन हुआ. साथ ही खंडित विसर्जित मिट्टी की कुल संख्या 37 रही. इस दौरान लगभग 17 टन निर्माल्य एकत्र किया गया।



इन 10 दिनों के दौरान सेंचुरी रेयान बोट क्लब शहाड में 2842, आईडीआई कंपनी रोड, मोहने गांव के पास 284, संजय गांधी नगर, उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित गणेश विसर्जन तालाब में 1753, नाना पार्क जीजामाता उद्यान, पानी की टाकी के पास उल्हासनगर-4 में 672, लाल चक्की चौक 836, बोट क्लब पवई चौक, उल्हासनगर-3 में 2699 एवं सिद्धार्त नगर, कैलाश कालोनी, कैम्प-5 में 2512 मूर्तियों का विसर्जन किया गया.

## विसर्जन घाटों पर मनपा की रही विशेष व्यवस्था



उल्हासनगर में मनपा आयुक्त विकास ढाकणे के नेतृत्व और मार्गदर्शन में सभी विसर्जन घाटों पर गणेश विसर्जन उचित तरीके से किया गया। अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर और किशोर गवस, उपायुक्त सुभाष जाधव, प्रो.सिटी इंजीनियर तरूण शेवकानी, विद्युत अभियंता हनुमंत खरात, जल आपूर्ति विभाग के अभियंता परमेश्वर बडगे, स्वास्थ्य अधिकारी मनीष हिवरे, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक विनोद केने और एकनाथ पवार और नोडल अधिकारी गणेश शिम्पी. सभी वार्ड अधिकारियों और अग्निशमन विभाग प्रमुख सुरेश भोम्बे के नियंत्रण में मनपा के सभी विभागों ने विसर्जन की जिम्मेदारी निभाई.

इस अवसर पर सभी सफाई कर्मचारी एवं मुकादम एवं स्वास्थ्य निरीक्षकों ने कड़ी मेहनत की। सभी गणेशोत्सव मंडलों एवं नागरिकों ने गणेशोत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं प्रशासन का सहयोग किया। पुलिस प्रशासन ने भी अच्छी सुरक्षा व्यवस्था रखी. नगर निगम की ओर से अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने सभी मंडल के नागरिकों और पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया है.

# अंबरनाथ में ईद-ए-मिलाद का शानदार जुलूस निकला



## ■ पुलिस का रहा तगड़ा बंदोबस्त

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में ईद-ए-मिलादुन्नबी अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया. मंगलवार शाम में गैबनशाह वली दर्गा से एक शानदार जुलूस निकाला गया, जिसमें हजारों मुस्लिम बच्चे, युवक, पुरुष शामिल रहे. जुलूस की कयादत, जामा मस्जिद-मदीना मस्जिद दर्गा के पेश ईमाम एवं अब्दुल बाबा हाजी सलीम चौधरी ने की. जुलूस निकलने से पूर्व सभी मान्यवरों का मुस्लिम जमात अंबरनाथ की तरफ से सलीम चौधरी, आरिफ काजी, सिकंदर पटेल, युसूफ शेख और जमात के ट्रस्टियों की ओर से शॉल और फूल देकर स्वागत किया गया.

विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने उपस्तिथों को ईद की बधाई दी. अब्दुल बाबा एवं मस्जिद के इमाम ने युवकों से कहा कि वह केवल धार्मिक नारे लगाएं और शहर की राष्ट्रीय एकात्मता को बरकरार रखें. शहर कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णा पाटिल, रोहित प्रजापति, बिस्मिल्ला शेख, उमेश पाटिल आदि का भी सत्कार किया गया. जुलूस दर्गा से होकर चिंचपाड़ा, न्यू कालोनी, गांवदेवी, खुंटवली से होकर केबी रोड से कैलाश नगर, उलन चाल होते हुए गैबन शाह दर्गा पर रात में समाप्त हुआ. शहर की कई कमेटियों ने भाग लिया. जुलूस में बग्घियां, घोड़े, आटो रिक्शा, बाइक सवार बड़ी संख्या में थे. मुस्लिम जमात की तरफ से निकाला गया जुलूस शानदार रहा. शहर में जगह-जगह जुलूस का स्वागत करके उनको खान-पान पेश किया गया. पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त रहा.

# धोबीघाट में मजदूर ने की आत्महत्या



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-2 स्थित धोबीघाट क्षेत्र में एक युवा मजदूर ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। उल्हासनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सेंट्रल अस्पताल भेज दिया गया है। युवक का नाम सोनू प्रजापति बताया गया है इसकी उम्र करीब 25 वर्ष बताई गई है। स्थानीय लोगों ने सोनू के घर की खिड़की से उसका लटकता हुआ शव देखा और पुलिस को खबर की। पुलिस ने आत्महत्या का मामला दर्ज कर लिया है। आगे की जांच जारी है।

# होटल फाल्कन में तीन पत्ती जुए का भंडाफोड़




## ■ तड़के पुलिस ने की छापेमारी

## ■ 25 जुआरियों के पास से 2 लाख नकद जब्त

**उल्हासनगर.** पुलिस प्रशासन की सख्ती के बाद जहां गणपति बप्पा के मंडपों में जुआ खेलना कुछ हद तक कम हो गया है, वहीं बड़े जुआरियों ने होटल के कमरों को ही तीन पत्ती जुआ का अड्डा बना लिया है.

यह जानकारी मिलने के बाद सेंट्रल ठाणे के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर अवताडे की टीम ने छापेमारी कर करीब 25 जुआरियों के पास से दो लाख नकद जब्त किये.

उल्हासनगर में कल्याण-बदलापुर राजमार्ग पर होटल फाल्कन में दो कमरे बुक करने के बाद तीन पत्ती जुआ चल रहा था, इसकी जानकारी मिलने पर सेंट्रल ठाणे के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर अवताडे, पुलिस निरीक्षक उमेश सावंत, सहायक पुलिस निरीक्षक सुधर्मा सावंत, सहायक पुलिस इंस्पेक्टर राकेश शेवाले ने सुबह-सुबह होटल फाल्कन के कमरा नंबर 305 और 404 पर छापा मारा.

इस छापेमारी में होटल मैनेजर के साथ मोहन जामतामल खत्री, उमेश दीपक गिधानी, मनीष प्रकाश असनानी, भावेश भारत शौकिन, पवन टीकमदास शुक्रवानी, कुमार किशन डोरडे, सुनील लाखी रोहरा, नितेश श्यामलाल दादा, हितेश लालचंद दूसेजा, गुरुमीत सिंह लबाना, दिनेश शामिल थे. भगवान दास मूलचंदानी, सनी सिंह लबाना, गुरुमीत दिलीप सिंह लबाना, प्रकाश गुल कलानी, विजय करेरा, अमित तोलानी, मयूर चुघ, राजा कुंडानी, मोहित सुनील दूसेजा, करण पाहुजा, नितेश रूपलानी, कुणाल पथाई, जयेश चंचलानी, नितेश चिमनानी, तरुण लेडवानी को पुलिस ने हिरासत में लिया. इनके पास से दो लाख रुपए नकद जब्त किए गए। जुआरियों पर जुआ अधिनियम 4, 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है और उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर अवताडे ने बताया कि आगे की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक राकेश शेवाले द्वारा की जा रही है।

# ट्रक ने 2 रिक्शा को मारी टक्कर, 1 घायल







**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर के टाउन हॉल के सामने विजय सेल के पास आज शाम एक गंभीर हादसा हो गया. तेज रफ्तार ट्रक ने खड़ी दो रिक्शों को टक्कर मार दी, जिससे एक रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली शुरुआती जानकारी के मुताबिक ट्रक ड्राइवर शराब के नशे में था और इसी वजह से उसने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया और ये हादसा हो गया.

जैसे ही दुर्घटनास्थल पर एकत्र नागरिकों ने ट्रक चालक को घेर लिया, उसे दौरा पड़ गया और उसके मुंह से झाग निकलने लगा। पुलिस ने स्थानीय नागरिकों की मदद से दोनों को तुरंत उल्हासनगर के केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया. इस हादसे में दोनों रिक्शों को भारी नुकसान पहुंचा है. फिलहाल ट्रक ड्राइवर को मेडिकल जांच के लिए रखा गया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. इस बीच, घटना के कारण कुछ देर के लिए इलाके में यातायात अवरुद्ध हो गया, लेकिन पुलिस के समय पर हस्तक्षेप के कारण यातायात बहाल हो गया.

# भाजपा नेता संजय गुप्ता पर मामला दर्ज



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर भाजपा के उत्तर भारतीय मोर्चा अध्यक्ष संजय गुप्ता व तीन अन्य लोगों के खिलाफ विट्ठलवाड़ी पुलिस थाने में 329(4), 118(1), 115(2), 352, 351(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 सितंबर की शाम 6.50 बजे के करीब फिर्यादी मुकेश शंकरलाल वाधवा (47) प्लाट नं. 59/39, ओटी चौक, कैम्प-4 स्थित उनके आशा सिलीकेट इंडस्ट्रीज कंपनी के आफिस में बैठे थे. पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार इस दौरान वहां पर संजय गुप्ता, रोशन यादव, दिलीप, प्रदीप वहां पहुंचे और गालीगलौज व धमकाने लगे. इस दौरान संजय गुप्ता ने चाकू निकाल कर मुकेश वाधवा के जांघ पर वार कर घायल कर दिया. वहीं वेल्डर संदीप शंकर चौहान के साथ भी मारपीट की गई. कंपनी के वॉचमैन कल्लू को वहां पर नौकरी न करने की धमकी भी दी. विट्ठलवाड़ी पुलिस ने अपराध पंजीकृत किया है. पुलिस उप निरीक्षक क्षीरसागर मामले की जांच कर रहे हैं. ज्ञात हो कि संजय गुप्ता आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक बताए गए हैं। जानकारी मिली है दोनों के बीच प्रॉपर्टी विवाद न्यायालय में विचारधीन बताया गया है।

# आखिरकार ट्रैफिक पुलिस का विवादित नोटिफिकेशन हुआ रद्द

## ■ 2 मंडलों में अभी भी गणपति बाप्पा विराजमान



**उल्हासनगर.** ठाणे परिवहन विभाग के उपायुक्त पंकज शिरसाट ने अनंत चतुर्दशी के दो दिन बाद यूएफसी के गणपति विसर्जन के लिए नौ घंटे के लिए मुख्य बाजार में पूरी सड़क को अवरुद्ध करने के लिए एक अधिसूचना जारी की थी. दिलचस्प बात यह है कि जब यह बात सामने आई कि यह अधिसूचना उल्हासनगर मनपा के सहायक आयुक्त द्वारा दी गई फर्जी अनुमति के आधार पर जारी की गई थी, तो पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट ने तुरंत इस अधिसूचना को रद्द कर दिया। हालांकि, इसके बावजूद UFC और ब्रदर्स ग्रुप के गणेश अभी भी मंडप में विराजमान हैं और उल्हासनगर का गणेशोत्सव अभी खत्म नहीं हुआ है.

पांच साल पहले उल्हासनगर शहर में अनंत चतुर्दशी के बाद विसर्जन जुलूस निकालने के लिए दस गणेशोत्सव मंडलों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद उल्हासनगर के उल्हासनगर, सेंट्रल, विठ्ठलवाड़ी और हिललाइन पुलिस स्टेशनों के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षकों ने बैठक की और सभी मंडलों को समय पर विसर्जन करने के निर्देश दिए. लेकिन दो साल पहले एक बार फिर उल्हासनगर मित्र मंडल यानी यूएफसी गणेश मंडल ने अनंत चतुर्दशी के तीसरे दिन विसर्जन जुलूस निकाला था. इस मंडल के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। साथ ही ध्वनि प्रदूषण के मामले भी दर्ज किये गये हैं. अतः जनहित याचिका 173/2010 के अनुसार इन मंडलों मनपा प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से अनुमति नहीं दी जा सकती।

जब सहायक आयुक्त अमोल कोली से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने पहले कहा कि गणेशोत्सव खत्म हो गया है. लेकिन जब बताया गया कि दो गणपति, यूएफसी और ब्रदर्स ग्रुप, अभी भी मंडप में हैं, तो अमोल कोल्हे ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को उचित निर्देश दिए जाएंगे।

UFC और ब्रदर्स ग्रुप के खिलाफ केस दायर किया जाएगा

UFC और ब्रदर्स ग्रुप दोनों बोर्डों को सूचित किया गया है कि नोटिस पुलिस से बरामद कर लिए गए हैं। इसके बावजूद प्रारंभिक जानकारी मिली है कि दोनों टीमें गुरुवार की शाम सड़क पर उतरेंगी और भीषण जाम लगाएंगी. वकील सरिता खानचंदानी ने चेतावनी दी है कि अगर ऐसा हुआ तो इन मंडलों के साथ पुलिस को जनहित याचिका 173/2010 में बॉम्बे हाई कोर्ट में जवाब देना होगा.

### पितृपक्ष में गणेश विसर्जन धर्म के अनुरूप नहीं

हिंदू रीति-रिवाज और तिथियों के अनुसार भाद्रपद माह के चौथे दिन यानि चतुर्थी को गणेश प्रतिमा का आगमन होता है। गणेश प्रतिमा का विसर्जन भाद्रपद माह यानी अनंत चतुर्थी के चौदहवें दिन किया जाता है। दिलचस्प बात यह है कि पूर्णिमा भाद्रपद महीने के पंद्रहवें दिन से शुरू होती है। इसी समय से श्राद्ध काल प्रारंभ होता है। इस श्राद्ध काल में कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। इस दौरान केवल पितरों की पूजा की जाती है। इसलिए ब्राह्मण समाज का कहना है कि अनंत चतुर्दशी यानी पितृपक्ष के दो दिन बाद किया जाने वाला विसर्जन हिंदू धर्म का पालन नहीं है. इसलिए ब्राह्मण समाज ने अपील की है कि मंडल इसी तरह रीति-रिवाज से भगवान का विसर्जन करें, न कि भगवान और धर्म का उपहास उड़ाएं.

# शाडू मिट्टी के 2000 मोदक में सब्जी के बीज

**उल्हासनगर.** मनपा पर्यावरण विभाग और एसएसटी कॉलेज के सहयोग से छात्रों ने गणेशोत्सव के दौरान भगवान गणेश के प्रसाद के रूप में लगभग 2000 बिजमोदक तैयार किए हैं। बीज मोदक के डिब्बे पर क्यूआर कोड में विभिन्न सब्जियों के नाम हैं और इसका उद्घाटन आयुक्त विकास ढाकने ने किया।

उल्हासनगर मनपा ने गणेशोत्सव के दौरान पर्यावरण के अनुकूल शाडू मिट्टी से गणपति बप्पा की मूर्तियां बनाने का आह्वान किया था। ऐसे में एसएसटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी की अवधारणा और मनपा पर्यावरण विभाग के तहत छात्रों ने घरेलू उपभोग के लिए सब्जी बीज तैयार करने का काम किया।

इस बीज मोदक में पालक, टोंडली, पड़वल, टमाटर, बैंगन के बीजों का इस्तेमाल किया गया है. उक्त बिजमोदक को भगवान गणेश के प्रसाद के रूप में शहर के सभी विभिन्न सरकारी कार्यालयों में वितरित किया जाएगा, इसका उद्घाटन आयुक्त विकास ढाकने ने किया है। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर, उपायुक्त डॉ. सुभाष जाधव, पर्यावरण विभाग की प्रमुख विशाखा सावंत, पार्क विभाग की प्रमुख दीप्ति पवार, एसएसटी कॉलेज की एनएसएस इकाई के समन्वयक प्रो. योगेश पाटिल एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



मोदक के डिब्बे पर एक QR कोड दिया गया है. उक्त क्यूआर कोड को स्कैन करने पर मोदक में कौन सी सब्जी का बीज है, उसका वैज्ञानिक नाम और उस पेड़ को कैसे लगाया जाए, इसकी सारी जानकारी मिल जाती है। यह जानकारी पर्यावरण विभाग की प्रमुख विशाखा सावंत ने दी.

# ‘महायुति को 209 सीटें मिलेंगी’

## ■ शिवसेना गुट के प्रवक्ता ने किया दावा

▸▸ उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति को 209 सीटें मिलेंगी. महायुति द्वारा किए गए इंटरनल सर्वे में 288 में से ये सीटें महायुति को मिलेंगी. ऐसा दावा शिवसेना शिंदे गट के महाराष्ट्र प्रवक्ता किरण सोनावणे में अंबरनाथ में एक पत्रकार वार्तालाप में ये बात कही है. उस समय अंबरनाथ के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर, पूर्व नगराध्यक्ष सुनिल चौधरी आदि उपस्थित थे.

पत्रकारों द्वारा ये पूछे जाने पर कि महायुति, भाजपा, शिवसेना एवं राकांपा में अभी तक सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है, तो ये 209 वाला दावा कहां तक सही है. सोनावणे ने कहा कि ये इंटरनल सर्वे हुआ है, जिसमें हम ये दावा कर रहे हैं कि महायुति ही महाराष्ट्र में सरकार बनाएगी और सीटों का बंटवारा भी जल्द होगा. उन्होंने ये भी कहा कि सीटों के बंटवारे में कोई विवाद नहीं है. उन्होंने ये भी कहा कि मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है. इसलिए विरोधियों के पैर के नीचे की जमीन खिसक गई है. लाड़की बहिन योजना के लिए अब तक एक करोड़ 60 लाख बहनों को लाभ मिला है और आगे भी लाभ मिलेगा.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## भारत में अंधविश्वास का जटिल मायाजाल

जिस दौर में विज्ञान रोज नई ऊंचाइयां छू रहा है, नई तकनीकी समाज के हाशिये के तबकों तक पहुंचाई जा रही है, वैसे में महज कल्पना या अंधविश्वासों की वजह से किसी को बर्बरता से पीट-पीट कर मार डालने की घटनाएं विकास के तमाम दावों पर सवालिया निशान लगाती हैं। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के एक गांव में रविवार को तीन महिलाओं सहित पांच आदिवासियों की इसलिए पीट-पीट कर हत्या कर दी गई कि उन पर लोगों को यह शक था कि वे जादू-टोना करके दूसरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसी तरह, कुछ दिन पहले पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के हरिसारा गांव में दो आदिवासी महिलाओं को जादू-टोना करने के संदेह में स्थानीय लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला। महज गलत धारणाओं की वजह से हुई हत्या की इन घटनाओं के बाद पुलिस ने कुछ स्थानीय लोगों को हिरासत में लिया, लेकिन सवाल है कि क्या सिर्फ कुछ गिरफ्तारियों से ऐसी घटनाएं रोकी जा सकती हैं?

इस तरह की घटनाओं के वक्त ऐसा करने वालों के भीतर कहीं भी कानून का खौफ दिखाई नहीं देता है। मगर जब ऐसा कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तो पुलिस कानूनी कार्रवाई की औपचारिकता पूरी करती दिखती है। यह छिपा नहीं है कि आज भी बहुत सारे लोग कई तरह के अंधविश्वासों का शिकार होकर जादू-टोना जैसी झूठी आशंकाओं के प्रभाव में आकर आपराधिक वारदात को भी अंजाम देते हैं। विडंबना है कि ऐसी धारणाओं के शिकार कई बार पढ़े-लिखे कहे जाने वाले या शहरी लोग भी होते हैं।

संविधान में जहां वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के प्रावधान मौजूद हैं, वहां इस दिशा में सरकार की ओर से बहुत कम ठोस प्रयास देखे जाते हैं। खासकर वैसे तबकों के बीच शिक्षा के साथ वैज्ञानिक चेतना के प्रसार की जरूरत है, जो किसी भी अभाव, परेशानी, बीमारी आदि की स्थिति में किसी अन्य व्यक्ति पर जादू-टोना करने का शक करते और तांत्रिकों के उकसावे में आकर उन्हें मार डालने से भी नहीं हिचकते। शायद बाद में कानूनी कार्रवाई का सामना करते हुए उन्हें अपने किए पर पछतावा होता हो।

# मणिपुर में असम रायफल्स को लेकर जारी आंदोलन

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में 22 असम रायफल्स के बटालियन मुख्यालय में सैनिकों ने रवानगी की तैयारी शुरू कर दी है। 20 सितंबर से उनकी जगह सीआरपीएफ के जवान ले लेंगे। जम्मू-कश्मीर में बढ़ती आतंकी घटनाओं के मद्देनजर केंद्र ने मणिपुर से 22 और 9 असम रायफल्स बटालियनों को वहां भेजने का आदेश दिया है। इन दोनों बटालियनों में लगभग 2,500 जवान हैं, जो अभी कांगपोकपी और चुराचांदपुर में तैनात हैं। ये दोनों पहाड़ी जिले हैं, जहां कुकी समुदाय की बहुसंख्या है। इन जवानों में से कई अपने नए मिशन को लेकर उत्साहित हैं, क्योंकि ऐसी चुनौतियों के लिए ही उनको प्रशिक्षित किया गया है। मगर एक समस्या भी है।

22 असम रायफल्स बटालियन के मुख्यालय के बाहर करीब 80 कुकी महिलाएं केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ धरने पर बैठ गई हैं। 20 सितंबर तक यह संख्या बढ़ भी सकती है, क्योंकि हर घर ने अपनी महिला को यहां भेजने का फैसला किया है। 'कम्युनिटी ऑन ट्राइबल यूनिटी' के बैनर तले महिलाओं ने एलान किया है कि वे गेट को बंद कर देंगी और सैनिकों को जाने नहीं देंगी। उनका मानना है कि असम रायफल्स के जवान ही मैतेई उग्रवादियों से उनकी रक्षा कर सकते हैं। मगर वहां से करीब 45 किलोमीटर दूर मैतेई महिलाओं की मदद से सैकड़ों छात्रों ने इंफाल के काकवा बाजार में भारत-म्यांमार मार्ग को जाम कर दिया है। वे भी धरने पर बैठे हैं, हालांकि उनकी छह मांगों में एक मांग यह है कि असम रायफल्स को मणिपुर से हटाया



जाए। उनका कहना है, हिंसा अब भी इसीलिए जारी है, क्योंकि सुरक्षा बल कुकी उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा। इन प्रदर्शनकारियों के मुताबिक, मणिपुर का इतिहास इसका गवाह है कि असम रायफल्स ने हमेशा मैतेई लोगों पर अत्याचार किया है।

मणिपुर पिछली मई से जातीय हिंसा में जल रहा है। मैतेई को आदिवासी का दर्जा देने के अदालती फैसले (जिस पर रोक लगा दी गई) के खिलाफ आदिवासियों का विरोध-प्रदर्शन (कुकी के नेतृत्व में) जल्द ही दोनों समूहों के बीच जातीय संघर्ष में बदल गया। एन बीरेन सिंह सरकार के मैतेई समर्थक रुख से कोई मदद नहीं मिली और पुलिस बल व नौकरशाही में जातीय विभाजन के बाद माना यही गया कि असम रायफल्स की मौजूदगी ने ही यहां के हालात संभाले हैं। हालांकि, गुरुवार दोपहर असम रायफल्स के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेड़ा ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं को समझाया कि एक सैनिक के लिए आदेश-पालन अनिवार्य है और सीआरपीएफ भी उतनी ही सक्षम फोर्स है। मगर महिलाओं ने रोड खाली करने से इनकार कर दिया है। इस आशंका में कि कहीं सैनिक तय समय से पहले न चले जाएं, महिलाओं ने रात भी यहीं बिताने का फैसला किया है। वहां चाय बनाने की व्यवस्था के साथ-साथ बारिश से बचने के लिए टेंट भी लगा दिए गए हैं। इस बीच, इंफाल में भी मैतेई छात्रों ने अपनी मांगें पूरी होने तक कक्षा में न जाने की कसम खाई है, जिसके कारण सरकार को कक्षाएं व परीक्षाएं निलंबित करनी पड़ी हैं। छात्रों ने इस बाबत एक ज्ञापन भी राज्यपाल को सौंपा है और अपनी मांगें माने जाने तक प्रदर्शन जारी रखने का एलान किया है।

पिछले 16 महीनों में पहली बार असम रायफल्स को यहां से हटाया जा रहा है। कई नौकरशाह मानते हैं कि विरोध और जवाबी-विरोध की यह पटकथा महीनों पहले लिखी गई थी। उनके मुताबिक, बेशक मणिपुर में असम रायफल्स को लेकर विवाद रहे हैं, लेकिन उसको लेकर इससे पहले इतनी राजनीति कभी नहीं हुई थी। यह सच है कि जम्मू-कश्मीर में सैनिकों की जरूरत है, लेकिन अभी इसको वहां से भेजने का फैसला गलत साबित हो सकता है। हालांकि, असम रायफल्स के एक जवान ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि यही एकमात्र सुरक्षा बल है, जिसके साये तले कुकी और मैतेई मिलकर शांति बहाली के लिए काम कर रहे हैं। जब पहली बार यहां हिंसा फैली थी, तब दोनों समुदायों के 20,000 से अधिक लोगों को इसी सुरक्षा बल ने बचाया था। उसके मुताबिक, हम यहां आंतरिक सुरक्षा में लगे हुए हैं और हमारा कोई दुश्मन नहीं है। लिहाजा, यह अच्छा ही है कि हम में से कुछ जवान जम्मू-कश्मीर जा रहे हैं, क्योंकि देश की खातिर लड़ने के लिए वहां एक दुश्मन तो है।




एक-एक करके, ईंट-ईंट करके, हम शांतिपूर्ण विश्व का निर्माण कर सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# मोदी सरकार का दावा और हकीकत

हर अधिवक्ता अदालत में इसी संकल्प और तैयारी के साथ उतरता है कि वह अपने मुवक्किल को इंसाफ दिलाएगा। वकालत के पेशे में नैतिक दायित्व भी यही होता है और इसी से वकील की साख बनती है। इसलिए हर वकील कानूनी बारीकियां और दलीलें पेश करते हुए अपने मुवक्किल के पक्ष को सही ठहराने का प्रयास करता है। अदालतें भी उन पर भरोसा करके चलती हैं। दरअसल, वकील अपने मुवक्किल और न्यायाधीश के बीच एक सेतु होता है।

इस तरह कई बार न्यायाधीशों को भी वकीलों की जिरह से कानून की बहुत सारी बारीकियों समझने में मदद मिलती है। मगर वकील जब इस विश्वास के रिश्ते का फायदा उठा कर, जानबूझ कर अदालत की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास करते हैं, तो उससे पूरी न्याय प्रक्रिया गुमराह होती और न्याय का रास्ता बाधित होता है। सर्वोच्च न्यायालय ने इसी प्रवृत्ति पर चिंता प्रकट करते हुए कहा है कि वकीलों के झूठे बयानों से हमारा विश्वास डगमगा जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने नोट किया कि पिछले तीन-चार हफ्तों में सात-आठ ऐसे मामले सामने आए, जिसमें वकीलों ने झूठे बयान देकर अपने मुवक्किल की सजा माफ करने या उसमें छूट देने की गुहार लगाई।



कानून में यह प्रावधान है कि किसी दोषी के अच्छे आचरण और खराब स्वास्थ्य आदि के मद्देनजर उसकी सजा कम या खत्म की जा सकती है। मगर उसके लिए न्यूनतम अवधि की सजा काटना जरूरी होता है। इसी तरह कुछ पारिवारिक और व्यक्तिगत कारणों से कैदियों को कुछ दिन फरलो पर बाहर रहने की इजाजत दी जा सकती है। इन्हीं प्रावधानों का लाभ उठाते हुए कुछ वकील अपने मुवक्किल को समय से पहले सलाखों से बाहर निकालने का प्रयास करते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने मामलों पर लिया संज्ञान

मगर सर्वोच्च न्यायालय ने जिन मामलों का संज्ञान लिया, उनमें देखा गया कि वकीलों ने झूठे बयान और दलील देकर सजा माफी की गुहार लगाई। एक मामले में सजायाफ्ता चार कैदियों को लेकर कहा गया कि वे चौदह वर्ष की सजा काट चुके हैं। यह भी बताया गया कि चारों को हत्या के मामले में सजा दी गई थी। मगर अदालत को पता चला कि उन्होंने न केवल चौदह वर्ष की सजा पूरी नहीं की थी, बल्कि चारों को अलग-अलग मामलों में दोषी ठहराया गया था। इसी तरह एक मामले में बताया गया कि फरलो पर बाहर गए सभी कैदियों की फरलो अवधि अभी पूरी नहीं हुई है। ऐसे ही अन्य मामले देखे गए। निस्संदेह इस प्रवृत्ति से न्यायिक शुचिता प्रश्नांकित होती है।

हालांकि इस संदर्भ में यह भी चिंताजनक है कि जघन्य अपराध के दोषियों को समय से पहले सलाखों से बाहर निकालने की प्रवृत्ति पैदा कहां से हुई है। पिछले कुछ वर्षों में अनेक ऐसे प्रसंग सामने आए हैं, जिनमें राज्य सरकारों ने हत्या और बलात्कार जैसे मामलों में सजायाफ्ता लोगों की सजा माफी की सिफारिश की। कुछ अपराधियों को बार-बार फरलो दी गई। समझना मुश्किल नहीं है कि इस राजनीतिक पक्षपातपूर्ण व्यवहार का विस्तार हुआ है। फिर, वकालत के पेशे में भी नैतिकता का प्रकट ह्रास हुआ है।

# मुंबई की भूतिया बिल्डिंग से आती है रोने की आवाज!

सपनों का शहर मुंबई, जहां कभी रात नहीं होती. यह शहर जो कभी थमता नहीं है. इसी शहर में एक ऐसी जगह है, जिसे ट्रेन में बैठे लोग दूर से देख कर ही डर जाते है. वहां जाने की बात तो दूर, इस जगह की कहानी सुनकर ही लोगो की सांसे थम जाती हैं. मुंबई में ऐसी कई इमारतें है, जो खतरनाक जगहों की सूची में आती हैं. ऐसी ही एक बिल्डिंग का नाम हीरानंदानी टावर है. यह दाहिसार और मीरा रोड दो इलाकों के बीच पड़ता है. इस बिल्डिंग की कहानियां सुन कई बच्चे-बड़े हो गए, लेकिन आज भी इस बिल्डिंग को दूर से ही देख कर डरते हैं.

**जरा हट के**

### कैसे बना यह नया बिल्डिंग एक भूतिया बिल्डिंग

यह बिल्डिंग आज से 26 साल पहले बनना शुरू हुई थी. बनने का काम खत्म हो ही गया था, लेकिन उसी रात वहां काम



करने वाले दो मजदूर, जो पति-पत्नी थे, पांचवे माले से गिरने के कारण उनकी मौत हो गई. उसके बाद वहां और भी मौतें हुई. आस-पास के लोगों का कहना है कि रात में किसी की रोने की और चिल्लाने की आवाज आती है. बिल्डिंग के बनने का काम रूके हुए आज 26 साल से भी ज़्यादा हो चुके हैं. अब यह बिल्डिंग एक खंडहर और मुंबई के टॉप हॉरर जगहों में से एक के अलावा और कुछ नहीं है.

दहिसर में रहने वाले अविनाश सरोज बताते हैं कि इस भूतिया बिल्डिंग की कहानी बहुत सालों से सुनते आ रहे हैं. दाहीसर से लेकर विरार तक रहने वाला हर व्यक्ति इस बिल्डिंग की भूतिया कहानी जानता है. लोग दिन में भी आईडी बिल्डिंग के पास नहीं जाते, रात में जाना तो बहुत दूर की बात है. यहां का बच्चा-बच्चा इस बिल्डिंग के बारे में जानता है और इस बिल्डिंग से दूर रहता है. इस प्रॉपर्टी के मालिक ने वॉचमैन रखे हैं, लेकिन वो भी शाम होने के बाद आज तक कभी भी बिल्डिंग के अंदर कदम रखने की हिम्मत नहीं कर पाया है.



# 40 के बाद महिलाओं के शरीर में होते हैं बदलाव

- सामान्य हैं ये मानसिक और शारीरिक परिवर्तन
- जानें हेल्दी रहने के तरीके

उम्र बढ़ना एक नेचुरल प्रक्रिया है. जब आप 40 की उम्र में प्रवेश करती हैं तो आपके शरीर में कई तरह के बदलाव शुरू होते हैं. यह वजह समय होता है जब आप मेनोपॉज फेज में प्रवेश करने वाली हैं. ऐसे में अगर आपके शरीर में कुछ परेशानी महसूस हो रही है तो इससे परेशान न हों. आप अपने डाइट और फिटनेस पर ध्यान देकर इन परेशानियों को दूर कर सकती हैं. क्लीवलैंड क्लिनिक के अनुसार, महिलाएं इस समय पेरिमेनोपॉज फेज में होती हैं यानी मेनोपॉज फेज की तरफ बढ़ती रहती हैं. इस दौरान महिलाओं के मेंटल और फिजिकल हेल्थ में काफी कुछ बदलाव आना शुरू हो जाता है. यहां हम बता रहे हैं कि 40 की उम्र के बाद अधिकतर महिलाओं के शरीर में क्या अंतर आने लगते हैं.

### मेनोपॉज और हार्मोनल बदलाव

आमतौर पर 40 के अंतिम या 50 के शुरुआती सालों में मेनोपॉज होता है जो दरअसल महिलाओं के प्रजनन क्षमता के अंत का संकेत है. इस दौरान हॉट फ्लैश, रात में पसीना आना, मूड स्विंग और पीरियड्स में बदलाव जैसे लक्षण दिखते हैं.

### वजन का बढ़ना

कई महिलाएं अपने शरीर के आकार में बदलाव महसूस करती हैं. खासकर पेट के आसपास चर्बी बढ़ने लगती है. यह हार्मोनल बदलाव और मेटाबॉलिज्म स्लो होने के कारण होता है. नियमित व्यायाम और संतुलित आहार से इसे कंट्रोल किया जा सकता है.

### मूड स्विंग होना

हार्मोनल बदलाव से मूड स्विंग्स, चिड़चिड़ापन, चिंता और अवसाद हो सकते हैं. तनाव कम करने वाली एक्टिविटी में हिस्सा लें, लोगों से मिलें जुलें. सेल्फकेयर पर ध्यान दें.

### हड्डियों में परेशानी

महिलाओं में एस्ट्रोजन के स्तर में कमी से ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा बढ़ जाता है. इसलिए महिलाओं के लिए हड्डियों का ध्यान रखना जरूरी होता है. इसके लिए आप कैल्शियम युक्त भोजन करें.

### नींद में कमी

कई महिलाओं को रात में नींद नहीं आती. हार्मोनल बदलाव, मेंटल स्ट्रेस इसकी वजह हो सकते हैं. ऐसे में हेल्दी रहने के लिए सोने का समय तय करना, आरामदायक वातावरण बनाना और अच्छी नींद की आदतें अपनाना जरूरी है.

### त्वचा-बालों में बदलाव

एस्ट्रोजन की कमी से त्वचा और बालों में बदलाव आ सकता है. त्वचा रूखी हो सकती है और रिंकल्स बन सकते हैं, बाल पतले और बेजान दिख सकते हैं. इसके लिए नियमित मॉइस्चराइजिंग और बालों की देखभाल जरूरी है.

सनातन धर्म में पितृ पक्ष का बेहद खास महत्व माना गया है। इस साल पितृ पक्ष की शुरुआत मंगलवार 17 सितंबर से होकर समापन दो अक्टूबर को होगा। पितृ श्राद्ध पक्ष में पितरों के प्रसाद में कुछ खास चीजों को बनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। जिसमें कद्दू की सब्जी भी शामिल है। आइए जानते है श्राद्ध में कैसे बनाई जाती है कद्दू की सब्जी।

# कद्दू की सब्जी

**खाना-खजाना**

**सामग्री :**

- -1/2 किलो कद्दू
- -1/2 छोटा चम्मच मेथी दाना
- -1/4 छोटा चम्मच राई
- -1/2 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- -1 छोटा चम्मच धनिया पाउडर
- -1/4 छोटा चम्मच हल्दी
- -1/4 छोटा चम्मच जीरा
- -2-3 हरी मिर्च कटी
- -1/4 छोटा चम्मच चीनी
- -2 बड़े चम्मच हरी धनिया पत्ती कटी
- -3 बड़े चम्मच तेल
- -नमक स्वादानुसार

**बनाने का तरीका :**

कद्दू की सब्जी बनाने के लिए हमेशा पके हुए कद्दू का ही इस्तेमाल करें। कद्दू की सब्जी बनाने के लिए सबसे पहले कद्दू को काटकर उसके ऊपर का मोटा छिलका चाकू से



काटकर हटा दें। इसके बाद कद्दू के छोटे-छोटे टुकड़े करके हरी मिर्च और हरी धनिया पत्ती भी बारीक-बारीक काटकर अलग रख लें। अब एक कड़ाही में तेल डालकर उसे मीडियम आंच पर गर्म कर लें। तेल गर्म होने पर उसमें राई, जीरा और मेथीदाना डालकर कुछ सेकंड तक चटकने दें। उसके बाद इसमें बारीक कटी हरी मिर्च और हल्दी डालकर कद्दू के टुकड़े डाल दें। अब कद्दू को करछी की मदद से अच्छी तरह मसालों के साथ मिला ले। अब कड़ाही को ढककर कद्दू को मीडियम आंच पर 5 मिनट पकने दें। जब कद्दू पककर नरम हो जाए तो कड़ाही में लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और स्वादानुसार नमक डालकर सभी चीजों को अच्छी तरह मिला लें। इसके बाद सब्जी को दोबारा ढककर तब तक पकाए, जब तक कद्दू पककर नरम न हो जाएं। आखिर में कद्दू में चीनी और धनिया पत्ती डालकर अच्छी तरह मिलाएं और गैस बंद कर दें। आपका टेस्टी कद्दू बनकर तैयार है।

# बुखार से लेकर गठिया और डाइजेशन तक में लाभदायक माना जाता है अमृता

- घर में आज ही लगा लें ये बेल

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के किसान कुछ अलग तरह की खेती करने के लिए जाने जाते हैं. आज हम आपको एक ऐसे किसान के बारे में बताने जा रहे हैं जिसने अपने



खेत में अमृता के कुछ पेड़ लगाए हैं. अमृता के पेड़ के पत्ते खासकर बुखार में अधिक कारगर साबित होते हैं. इस पेड़ को अमृता इसलिए कहा जाता है क्योंकि जहां पर भी आप इस पेड़ को काट कर रख देते हैं वहां से ही इस पेड़ की जड़ें शुरू हो जाती है. यानी कि इस पेड़ को जमीन की मिट्टी की भी जरूरत नहीं होती है.

अमृता का ज्यादा चर्चित नाम गिलोय है. बुखार से लेकर कई अन्य रोगों में यह रामबाण का काम करती है. अमृता का आयुर्वेदिक दवाइयों में भी इस्तेमाल किया जाता है.

### अमृता के लगाने के फायदे

किसान सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने अपने खेत में नीम की अमृता (गिलोय) लगाई है. इस पेड़ को वह जंगल से लेकर आए थे. जिस तरीके से मौसम बदल रहा है तो सीजनी बुखार लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है. डॉक्टर भी अमृता (गिलोय) के पत्तों को पकाकर बुखार के मरीज को पिलाने की सलाह देते हैं.

आयुर्वेद डॉ हर्ष ने बताया कि विभिन्न रोगों में अमृता का इस्तेमाल किया जाता है. लिवर से संबंधित किसी भी बीमारी में अमृता (गिलोय) का प्रयोग किया जाता है. शुगर यानी कि डायबिटीज में इसका महत्वपूर्ण रोल है. अगर किसी का शुगर लेवल 200, 250, 300 तक पहुंच रहा है तो 50ML अमृता का रस पिलाकर 10 मिनट बाद उसका शुगर लेवल चेक किया जाए तो 50 से 60 डाउन हो जाएगा.

गठिया के रोग में भी इसका काफी अच्छा इस्तेमाल है. डाइजेशन की समस्या वाले पेशेंट को भी अमृता (गिलोय) दी जाती है. खांसी के मरीज को भी अमृता अगर पिलाई जाए तो यह काफी अच्छा आराम करती है. अस्थमा के मरीज के लिए भी काफी फायदेमंद है. डॉक्टर हर्ष बताते हैं कि शरीर के हर अंग में अमृता अमृत का काम करती है.

# अपराजिता के फायदे

- जानिए कैसे दूर कर सकते हैं सेहत की कई परेशानियां;
- जानें उपयोग



नीले रंग का अपराजिता का फूल पूजा-पाठ में विशेष रूप से उपयोग किया जाता है. इस फूल की सुंदरता जितनी मनमोहक होती है, उतने ही इसके पौधे के औषधीय गुण अत्यंत लाभकारी होते हैं.आयुर्वेद में अपराजिता को एक महत्वपूर्ण औषधि के रूप में जाना जाता है, जिसका उपयोग विभिन्न बीमारियों के उपचार में किया जाता है.

आयुर्वेदाचार्य डॉ. सुशांत ने बताया कि अपराजिता का पौधा अत्यंत उपयोगी है.आयुर्वेद में इस पौधे को स्मरणशक्ति और बुद्धि को बढ़ाने वाला माना गया है.अपराजिता के पौधे में कई औषधीय गुण होते हैं. इसलिए आयुर्वेद में इसे विशेष स्थान प्राप्त है.

डॉ. सुशांत बताते हैं कि अपराजिता की जड़ का रस निकालकर उसकी 5 से 6 बूंदें नाक में डालने से आधे सिर के दर्द (माइग्रेन) में राहत मिलती है. इसका उपयोग करना बहुत आसान और सरल है. जड़ से रस निकालकर नाक में डालने से माइग्रेन की समस्या कम हो जाती है.

मम्प्स की समस्या होने पर अपराजिता के पत्तों को सेंधा नमक और सरसों के तेल के साथ पीसकर उसका लेप लगाने से सूजन धीरे-धीरे कम होने लगती है और राहत मिलती है. यदि इस उपाय का नियमित रूप से उपयोग किया जाए तो मम्प्स की समस्या आसानी से ठीक हो सकती है.अपराजिता की जड़ के साथ ही इसकी पत्तियां भी अत्यंत गुणकारी होती हैं.

जिन लोगों को अत्यधिक पसीना आता है, विशेषकर हथेलियों और पैरों के तलवों में, वे इसकी पत्तियों के 2 चम्मच रस में 6 से 7 बूंद अदरक के रस को मिलाकर पिएं, तो यह समस्या धीरे-धीरे कम होने लगती है.अपराजिता के बीजों का 2 ग्राम पाउडर, 2 चुटकी सेंधा नमक और 2 चुटकी सोंठ को रात में गर्म पानी के साथ लेने पर यह पेट साफ करने में भी उपयोगी होता है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृषभ :** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। मित्र व संबंधियों से मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति जीवन में आनंद का संचार करेगी। कई दिनों से रुका पैसा मिल सकेगा।

**मिथुन :** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**कर्क :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर मिलेंगे। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**सिंह :** मित्र से मुलाकात का लाभ मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है। प्रतिष्ठितजनों से मेल-जोल बढ़ेगा।

**कन्या :** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान प्राप्त होगा। भाइयों से अनबन हो सकती है। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी।

**तुला :** कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे। अनुकूल समाचार मिलेंगे तथा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे।

**धनु :** प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप कार्य हो सकेंगे। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर :** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है। रुका कार्य होने से प्रसन्नाता होगी। आर्थिक सलाह उपयोगी रहेगी। कर्ज की चिंता कम होगी।

**कुंभ :** व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। परिवारजनों से मिलाप होगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है। खर्चों में कमी करने का प्रयास करें। अति व्यस्तता रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मीन :** व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा। मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### मेरठ मेट्रो के आगे भूल जाएंगे दिल्ली

यूपी में लखनऊ, कानपुर, आगरा के बाद अब मेरठ को भी मेट्रो की सौगात मिलने जा रही है। हालांकि मेरठ में रैपिड ट्रेन भी चलाई गई है। लेकिन मेरठ मेट्रो की बात ही कुछ अलग होने वाली है। वह इसलिए कि ये मेट्रो दूसरी मेट्रो से बिल्कुल अगल होगी। तीन डिब्बों की इस मेट्रो में मिलने वाली सुविधाओं के आगे अब दिल्ली, लखनऊ और कानपुर की मेट्रो भी भूल जाएंगे। मेरठ मेट्रो को भारत की सबसे तेज मेट्रो सेवा कहा जा रहा है। दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल परियोजना के लिए कार्यकारी एजेंसी एनसीआरटीसी द्वारा संचालित की जाने वाली, 100% मेक इन इंडिया मेरठ मेट्रो ट्रेनों में यात्रियों के लिए कई सुविधाएं दी गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार मेरठ में चलने वाली मेट्रो भारत की सबसे तेज़ मेट्रो ट्रेन सेवा होगी, जिसके कोच 135 किमी प्रति घंटे की गति के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। ट्रेन अधिकतम 120 किमी प्रति घंटे की गति से चलेगी। संयोग से, दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो भी 120 किमी प्रति घंटे की गति से चलती है। मेरठ मेट्रो पूरी तरह से वातानुकूलित ट्रेन सेवा होगी, जिसमें 2x2 अनुप्रस्थ और अनुदैर्ध्य बैठने की व्यवस्था में आरामदायक गद्देदार सीटें और यात्रियों की सुविधा के लिए कई आधुनिक सुविधाएं होंगी। मेरठ मेट्रो की क्षमता की बात करें तो 3 कोच वाली इस मेट्रो ट्रेन में 700 से अधिक यात्रियों को ले जाने की क्षमता होगी। इसके अलावा 173 यात्रियों के लिए बैठने की जगह उपलब्ध होगी।

### मथुरा में पेट्रोल छिड़ककर साध्वी को जिंदा जलाने की कोशिश, कमर तक झुलसी

**मथुरा.** मथुरा से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां सोमवार की रात एक बुजुर्ग साध्वी वेशधारी महिला पर पेट्रोल छिड़ककर उसे जिंदा जलाने की कोशिश की गई। कमर तक झुलसी महिला को आनन-फानन में राहगीरों ने अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई। साथ ही पुलिस ने बुधवार को एक साधु को गिरफ्तार कर लिया। ये घटना वृंदावन के केशव धाम चौकी क्षेत्र के चैतन्य विहार का है। मध्य प्रदेश के विदिशा के बोराई गांव की रहने वाली 55 साल की शारदा देवी आश्रम के सामने सड़क किनारे करीब एक महीने से झुग्गी डालकर रह रही थीं। सोमवार की रात ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर उन्हें जलाने का प्रयास किया गया, जिसमें उसके पैर झुलस गये और आग की लपट ने कमर तक के हिस्से को चपेट में ले लिया।

### यूपी में एक बार फिर रहस्यमयी बुखार का कहर, दो बालिकाओं की मौत, सौ से ज्यादा बीमार

**लखनऊ.** यूपी में एक बार फिर रहस्यमयी बुखार का कहर देखने को मिल रहा है। सीतापुर के सांडा में बुखार से दो बालिकाओं की मौत हो गई है। क्षेत्र में सैकड़ों लोग बीमार हैं। सीएचसी सांडा में बुखार से पीड़ित लोगों की भीड़ है। अस्पताल में प्रतिदिन 600 से लेकर 700 मरीजों का इलाज किया जा रहा है। गंभीर रूप से बीमा लोगों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा जा रहा है। आसपास के इलाकों में भी लोगों के बीमार होने की सूचना है। यहां भी कई लोगों की मौत की बात कही जा रही है। सांड़ा में नैंसी गुप्ता (18) पुत्री संतलाल और खुशनुमा (20) पुत्री रमजान दोनों को अचानक बुखार हुआ। नैंसी मंगलवार को दोपहर स्कूल से आई उसके बाद उसे उल्टी आई और जाड़ा लगकर तेज बुखार हुआ। प्राइवेट अस्पताल ले गए। डेढ़ घंटे ही इलाज चला उसी दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं खुशनुमा को भी दो ही दिन बुखार हुआ था। इलाज के लिए लखनऊ ले गए थे।

# वन नेशन वन इलेक्शन प्रस्ताव कैबिनेट में मंजूर

- **नवंबर-दिसंबर में बिल आएगा**
- **विधानसभा-लोकसभा चुनाव साथ होंगे**
- **अगले 100 दिन में निकाय चुनाव**



**नई दिल्ली.** देश में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव (वन नेशन वन इलेक्शन) करवाने के प्रस्ताव को बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। बिल शीतकालीन सत्र यानी नवंबर-दिसंबर में संसद में पेश किया जाएगा।

कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 'पहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होंगे। इसके बाद 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव साथ कराए जाएं।

17 सितंबर को गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि सरकार इसी कार्यकाल में 'वन नेशन वन इलेक्शन' लागू करेगी। 15 अगस्त को प्रधानमंत्री ने कहा था कि बार-बार चुनाव देश की प्रगति में बाधा पैदा कर रहे हैं।

वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। रिपोर्ट 18 हजार 626 पन्नों की है।

पैनल 2 सितंबर 2023 को बनाया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है। कमेटी ने सभी विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 तक करने का सुझाव दिया है।

### अभी ऐसी है वन नेशन-वन इलेक्शन की संभावना

एक देश-एक चुनाव लागू करने के लिए कई राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल घटेगा। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव 2023 के आखिर में हुए हैं, उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विधि आयोग के प्रस्ताव पर सभी दल सहमत हुए तो यह 2029 से ही लागू होगा। साथ ही इसके लिए दिसंबर 2026 तक 25 राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने होंगे।

### कमेटी में 8 सदस्य, सितंबर 2023 में बनी थी

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अगुआई में 8 मेंबर की कमेटी पिछले साल 2 सितंबर को बनी थी। 23 सितंबर 2023 को दिल्ली के जोधपुर ऑफिसर्स हॉस्टल में वन नेशन वन इलेक्शन कमेटी की पहली बैठक हुई थी। इसमें पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद समेत 8 मेंबर हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के स्पेशल मेंबर बनाए गए हैं।

### पैनल के 5 सुझाव...

- सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए।
- हंग असेंबली (किसी को बहुमत नहीं), नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं।
- पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एकसाथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं।
- चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आई कार्ड तैयार करेगा।
- कोविंद पैनल ने एकसाथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, जनशक्ति और सुरक्षा बलों की एडवांस प्लानिंग की सिफारिश की है।

### क्या है वन नेशन वन इलेक्शन

भारत में फिलहाल राज्यों के विधानसभा और देश के लोकसभा चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन का मतलब है कि पूरे देश में एक साथ ही लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव हों। यानी मतदाता लोकसभा और राज्य के विधानसभाओं के सदस्यों को चुनने के लिए एक ही दिन, एक ही समय पर या चरणबद्ध तरीके से अपना वोट डालेंगे। आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही हुए थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं। उसके बाद 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई।

### बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 1 अक्टूबर तक बुलडोजर एक्शन पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई तक देश में एक भी बुलडोजर कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए।

अदालत ने कहा कि हम स्पष्ट कर दें कि इस ऑर्डर में सड़कों, फुटपाथों, रेलवे लाइंस के अवैध अतिक्रमण नहीं शामिल हैं।

केंद्र ने इस ऑर्डर पर सवाल उठाया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के हाथ इस तरह नहीं बांधे जा सकते हैं।

# केजरीवाल एक हफ्ते में सरकारी मकान छोड़ेंगे

- **संजय सिंह बोले- सरकारी सुविधाएं भी नहीं लेंगे**



**नई दिल्ली.** मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे चुके अरविंद केजरीवाल अपना सरकारी आवास छोड़ेंगे। आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि हमने सुरक्षा को लेकर उनसे कहा कि सरकारी आवास ना छोड़ें, लेकिन वे नहीं माने।

एक दिन पहले AAP विधायक दल की मीटिंग में आतिशी मार्लेना को मुख्यमंत्री चुना गया था। इसके बाद केजरीवाल ने शाम को LG विनय सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया था।

### केजरीवाल पर कई बार हमले हुए, हमें चिंता-AAP

संजय सिंह ने कहा, ₹केजरीवाल अपनी सभी सरकारी सुविधाएं छोड़ने जा रहे हैं। हम लोगों को चिंता है। केजरीवाल पर कई बार हमले हो चुके हैं। जब उनके माता-पिता घर में थे, तब भी उन पर हमला हुआ है। अभी यह तय नहीं हुआ है कि केजरीवाल कहां रहेंगे। उन्होंने कहा है कि वे जनता के बीच रहेंगे, जगह अभी तय नहीं है।₹

### बंगले का रिनोवेशन हुआ था, 52.71 करोड़ खर्च हुए

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बंगले और इसके कैम्पस में बने ऑफिस के रिनोवेशन किया गया था। इस पर 52.71 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। उपराज्यपाल विनय सक्सेना को भेजी गई फैक्चुअल रिपोर्ट में यह जानकारी आई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि बंगले पर 33.49 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं, वहीं 19.22 करोड़ रुपए उनके कैंप ऑफिस पर खर्च हुए। उनके पुराने बंगले को गिराकर नया बंगला बनाया गया था।

### आतिशी ने LG से शपथ ग्रहण की तारीख मांगी

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने 17 सितंबर शाम को उपराज्यपाल (**LG**) विनय सक्सेना को **CM** पद से इस्तीफा सौंपा था। उनके साथ आतिशी और 4 मंत्री मौजूद थे। इसके बाद आतिशी ने नई सरकार बनाने के लिए दावा पेश किया। उपराज्यपाल से शपथ ग्रहण की तारीख तय करने की भी मांग की है। दिल्ली सरकार ने 26 और 27 सितंबर को 2 दिन का विधानसभा सत्र बुलाया है।

# लैंड फॉर जॉब केस में लालू के दूसरे बेटे भी फंसे

### पहली बार तेजप्रताप यादव को समन



**नई दिल्ली.** रेलवे में जमीन के बदले नौकरी देने के मामले (लैंड फॉर जॉब केस) में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के दूसरे बेटे तेज प्रताप यादव भी लपेटे में आ गए हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने तेज प्रताप यादव को पहली बार समन भेज कर पेशी का आदेश दिया है। ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए बुधवार को यह आदेश जारी किया गया। अदालत ने लालू यादव, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप समेत सभी 8 आरोपियों को समन भेजा है। मामले की अगली सुनवाई 7 अक्टूबर को होगी।

दिल्ली की ईडी स्पेशल राउज एवेन्यू कोर्ट ने जिन आरोपियों को बुधवार को समन किया उनमें लालू प्रसाद यादव, उनके बेटे तेजस्वी एवं तेज प्रताप के अलावा अखिलेश्वर सिंह, हजारी प्रसाद राय, संजय राय, धर्मेंद्र सिंह और किरण देवी शामिल हैं। इन सभी आरोपियों को आगामी 7 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया गया है। बताया जा रहा है कि ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट के आधार पर आगे की सुनवाई की जाएगी।

बता दें कि यह मामला साल 2004 से 2009 के बीच का है, जब लालू यादव यूपीए सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि उनके कार्यकाल में रेलवे ग्रुप डी के पदों पर कई लोगों को नियमों की अवहेलना करते हुए नौकरी दी गई थी। इसकी एवज में लालू परिवार और करीबियों के नाम पर जमीनें लिखवाई गई थीं। इस केस के आपराधिक पहलू की जांच सीबीआई कर रही है। वहीं, मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े पहलू की जांच प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के पास है। ईडी ने बीते 6 अगस्त को इस केस में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की थी। इनमें 11 लोगों को आरोपी बनाया गया था, जिनमें से तीन की मौत हो चुकी है।

# चंद्रयान-4 मिशन को भी केंद्रीय कैबिनेट ने दी मंजूरी



- **मोदी सरकार का बड़ा फैसला**

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चंद्रयान-4 मिशन को भी मंजूरी दी गई है। इस मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकियों को विकसित करने की योजना है। चंद्रयान-4 अभियान के तहत चंद्रमा की चट्टानों और मिट्टी को भी पृथ्वी पर लाया जाएगा, ताकि उसका अध्ययन किया जा सके।

मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने शुक्र ग्रह की कक्षा संबंधी अभियान, गगनयान और चंद्रयान-4 अभियान के विस्तार को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने भारी वजन ले जाने में सक्षम अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यान को भी मंजूरी दी है, जो पृथ्वी की निचली कक्षा में 30 टन का पेलोड स्थापित करेगा।

एक बयान में कहा गया है कि चंद्रयान-4 मिशन प्रस्तावित वर्ष 2040 तक भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने और उन्हें सुरक्षित धरती पर वापस लाने के लिए मूलभूत प्रौद्योगिकियों को विकसित करेगा। इसमें कहा गया है कि इस मिशन के तहत डॉकिंग/अनडॉकिंग, लैंडिंग, पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी और चंद्रमा पर से नमूना संग्रह और उसके विश्लेषण को पूरा करने के लिए आवश्यक प्रमुख प्रौद्योगिकियों का विकास किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि चंद्रयान-4 मिशन पर कुल 2,104.06 करोड़ रुपये फंड की जरूरत होगी।

# राहुल गांधी के खिलाफ हेट स्पीच, कांग्रेस का प्रदर्शन

- **रेल राज्य मंत्री समेत 4 नेताओं की पुलिस से शिकायत**
- **अठावले बोले- राहुल का पासपोर्ट रद्द हो**

राहुल गांधी के खिलाफ हेट स्पीच देने वाले भाजपा और सहयोगी दल के नेताओं के खिलाफ कांग्रेस ने बुधवार को दिल्ली पुलिस से शिकायत की। कांग्रेस नेता अजय माकन ने तुगलक रोड पुलिस स्टेशन में केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू समेत 4 नेताओं की शिकायत की।

माकन ने कहा- जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, इसलिए कुछ लोग देश की शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस ने दिल्ली, मध्य प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों में भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया।



उधर, कांग्रेस के विरोध के बीच राहुल के खिलाफ भाजपा और उसके एक अन्य सहयोगी नेता ने फिर बयान दिया। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि राहुल गांधी विदेश में जाकर देश की प्रतिष्ठा को गिराते हैं, उनका पासपोर्ट रद्द होना चाहिए। वहीं भाजपा सांसद अनिल बोंडे ने कहा- राहुल की जीभ काट लेनी चाहिए।

# भारत ने पांचवीं बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता




- **फाइनल में चीन को 1-0 से हराया**

भारत ने लगातार दूसरी और ओवरऑल पांचवीं बार हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। मंगलवार को हुए फाइनल मुकाबले में भारत ने चीन को 1-0 से हरा दिया। मुकाबला चीन के हुलुनबुइर शहर के मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में खेला गया। इस टूर्नामेंट में भारत अजेय रहा।

मैच का एकमात्र गोल 51वें मिनट में जुगराज सिंह ने किया। चीन की टीम चार क्वार्टर के बाद भी गोल नहीं कर पाई। भारत को 4 जबकि चीन को 5 पेनल्टी कॉर्नर मिला। लेकिन दोनों टीम इसे गोल में तब्दील नहीं कर सकीं। इससे पहले तीसरे प्लेस के लिए हुए मुकाबले में पाकिस्तान ने साउथ कोरिया को 5-2 से हरा दिया। भारत और चीन के बीच एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहले क्वार्टर का खेल बराबरी पर रहा। पहले क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने कई मौके बनाए, लेकिन चीन के डिफेंडर और गोलकीपर ने शानदार खेल दिखाते हुए उसे गोल में कन्वर्ट नहीं होने दिया। अभिषेक सिंह ने 8वें मिनट में गोल पर सीधा शॉट मारा। यहां चीन के गोलकीपर ने शानदार बचाव किया।

दूसरे और तीसरे क्वार्टर में भारत और चीन की टीम एक भी गोल नहीं कर पाई। दूसरे क्वार्टर में चीन की टीम ने भारत को कड़ी टक्कर दी। इसके बाद तीसरा क्वार्टर भी बिना गोल के रहा। इस क्वार्टर में चीन की टीम ने आक्रामक खेल दिखाया और कुछ मौके उन्होंने जरूर बनाए, लेकिन भारतीय डिफेंडर ने उनकी कोशिशों को नाकाम कर दिया।

# 'परोपकार' ने गणेश भक्तों को बांटा 1 लाख वड़ा पाव





- **भाजपा विधायक, मनपा आयुक्त**
- **पूर्व महापौर सहित तमाम गणमान्य हस्तियां रही मौजूद**

**भिवंडी.** 'परोपकार' सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था द्वारा प्रतिवर्ष की भांति अनंत चतुर्थी गणपति विसर्जन के पावन अवसर पर गणेश भक्तों को 1लाख वड़ा पाव का वितरण किया गया.उक्त अवसर पर संस्था के कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए पधारे भाजपा विधायक महेश चौगुले, मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य, पूर्व महापौर विलास पाटिल सहित सभी समाज के प्रमुखों का गौरव संस्थाध्यक्ष रामकिशोर दरक, उद्योगपति मुरली तापड़िया,संस्था मार्गदर्शक शंकर केजरीवाल एवम भिवंडी- थाने क्षेत्रीय समिति अध्यक्ष मनोज दुढानी सहित सदस्यों की टीम द्वारा शाल, पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया गया.वड़ा पाव वितरण मौके पर संस्था वरिष्ठ सदस्य गजानन लोहिया,समाजसेवी भाजपा वरिष्ठ नेता कृष्णा गाजेंगी, नागरिक सहकारी बैंक चेयरमैन राजू गाजेंगी, सुनील पुजारी, एड.व्यंकटेश चिटकेन, मनोज बलदेवा, संजय कोठरी, रमेश मुंदड़ा, मनोज राठी, द्वारका असावा, नरेंद्र वेंगल सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि 'परोपकार' सामाजिक,सांस्कृतिक संस्था द्वारा गणपति विसर्जन अनंत चतुर्थी के पावन अवसर पर शिवाजी चौक बंजार पट्टी नाका मार्ग स्थित सिल्को हाउस के मुख्य द्वार पर विशाल पंडाल लगाकर गणराया मूर्तियों को विसर्जन घाटों पर विसर्जित करने को जा रहे गणेश भक्तों को वड़ा पाव का वितरण प्रेमपूर्वक, आपसी भाईचारा के साथ किया गया.वड़ा पाव को पूरी शुद्धता, स्वच्छता के साथ बनाए जाने के लिए सदस्यों की पूरी टीम ने भारी परिश्रम किया. संस्था पदाधिकारियों की टीम ने अपार प्रेम, विनम्रता से करीब 1लाख वड़ा पाव भक्तों को बांटकर अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता, आपसी भाईचारे की मिशाल भिवंडीकरों के समक्ष रखते हुए अन्य सामाजिक संगठनों को भी धार्मिक पावन पर्व के मौके पर नेक कार्य किए जाने के लिए प्रोत्साहित किया.

### जनहित कार्यों में अग्रसर 'परोपकार'

'परोपकार' भिवंडी-थाने क्षेत्रीय समिति अध्यक्ष उद्योगपति मनोज दुढानी ने बताया कि 'परोपकार' सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था द्वारा देशहित में अनेकों जनहित कार्य अंजाम दिए जा रहे हैं. देश में साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए गरीब बच्चों के स्वर्णिम भविष्य की खातिर शिक्षा में आर्थिक सहयोग, बेसहारों की मदद, गरीब, जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य, नोट बुक का वितरण सहित देश सेवा के उपक्रम एवम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कुशलता से कर रही है. आपदा काल में संस्था के तमाम सम्मानित सदस्य समूचे तन, मन, धन से जनहित सेवा कार्यों को अंजाम देने में सदैव तत्पर रहते हैं.

### आम सूचना

मैं श्रीमती सती करतारसिंघ धवन सभी को सूचित कर रही हूं कि हाऊस, बैरक नं. 628 के पास, ग्राऊंड फ्लोर + 1ला माला, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 19बीओ016071600) उक्त प्रॉपर्टी श्री करनालसिंघ करतारसिंघ लबाणा व श्रीमती कोमल संतोकसिंघ लबाणा के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 7.9.2024 सी.नं. 1778 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सती करतारसिंघ धवन**

### आम सूचना

मैं श्री अमरजीत रामसूरत चौरसिया सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, 150 चौ.फुट, रमाबाई आंबेडकर नगर, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 19बीओ017454100) उक्त प्रॉपर्टी श्री सुभाष जताई चौरसिया के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 12.9.2024 सी.नं. 1807 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अमरजीत रामसूरत चौरसिया**

### आम सूचना

हम श्रीमती रीटादेवी श्यामनारायण विश्वकर्मा व श्री हरिशंकर जयराम विश्वकर्मा सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, बैरक नं. 673 के सामने, हास्पिटील दीवार के पास, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 26बीओ004579500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती महेक कैलाश खत्री के नाम पर है। उन्होंने सेल एग्रीमेंट दि. 24.11.2023 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती रीटादेवी श्यामनारायण विश्वकर्मा व श्री हरिशंकर जयराम विश्वकर्मा**

### आम सूचना

मैं श्री मुकेश कन्हैयालाल वाधवा सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 706, 7वां माला, कैलाश कॉम्प्लेक्स, दादी मोरबाई रोड, अमन टॉकीज रोड, नेहरू चौक, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 28बीआय005065600) उक्त प्रॉपर्टी मिस लता हरबक्ष गनवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 9.8.2018 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मुकेश कन्हैयालाल वाधवा**

### आम सूचना

मैं श्री हरेश श्रीचंद लुल्ला सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. जी-3, ग्राऊंड फ्लोर, माता रुकमणी अपार्टमेंट, रुम नं. 12, बैरक नं. 257-ए, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 18बीआय018500900(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री राम मेलवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 17.9.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री हरेश श्रीचंद लुल्ला**

उल्हास विकास



## संक्षेप...

### सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल प्रतियोगिता में जय भवानी मित्र मंडल प्रथम

**ठाणे.** मनपा की ओर से हर साल सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल प्रतियोगिता किया जाता है इस प्रतियोगिता में आझाद नगर नंबर 2 के जय भवानी मित्र मंडल पहले स्थान पर, दूसरे स्थान पर सार्वजनिक उत्सव मंडल। स्वातंत्र्यवीर सावरकर नगर मंडल स्वच्छता पुरस्कार प्रथम। गुणसागर नगर सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल उत्कृष्ट मूर्तीकार प्रथम क्रमांक मिला इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी गणेशोत्सव मंडल को मनपा आयुक्त सौरभ राव ने अभिनंदन किया।

मनपा की ओर से सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल आरास प्रतियोगिता में ठाणे के कुल 21 मंडलो ने भाग लिया था प्रतियोगिता में निरीक्षण के दौरान मूर्ती,सजावट, स्वच्छता पर विचार किया गया प्रतियोगिता में चित्रकार सदाशिव कुलकर्णी व किशोर नादावडेकर व पत्रकार पंकड रोडेकर ने किया दूसरे स्थान पर महागिरी कोलीवाडा के एकविरा मित्रमंडल को मिला।

# भिवंडी में गणेश विसर्जन के दौरान पथराव, मूर्ति खंडित

- भिवंडी में स्थिति तनावपूर्ण, लेकिन नियंत्रण में
- पुलिस ने किया लाठीचार्ज, कई हिरासत में







**भिवंडी.** भिवंडी में गणपति विसर्जन के दौरान मूर्ति पर पथराव किया गया है. पथराव के कारण मूर्ति खंडित हुई है. मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है. मौके पर हंगामा देखते हुए पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया है.

भिवंडी में गणपति विसर्जन बड़े ही धूमधाम से किया जा रहा था. हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वंजारपट्टी नाका पर हिंदुस्तानी मस्जिद के बाहर एक मंडप बनाकर, मोहल्ला कमेटी और पुलिस बैठकर गणेश मंडल का स्वागत कर रहे थे. भक्त रात करीब 12 बजे घुघट नगर से विर्सजन के लिए मूर्ति कामवारी नदी ले जा रहे थे. गणेश मूर्ति जब वंजरपट्टी नाका से गुजर रही थी. इसी दौरान पथराव हुआ है, जिसके कारण मूर्ति खंडित हो गई.

पथराव के बाद लोगों ने मूर्ति तोड़ने को लेकर हंगामा कर दिया. युवक को भीड़ ने पकड़ लिया और उसकी पीटाई कर दी. लोगों ने कहा कि जब तक सभी पाथरबाजों को पुलिस गिरफ्तार नहीं करती, तब तक मूर्ति विर्सजन नहीं किया जाएगा.

भिवंडी में माहौल बिगड़ता देख DCP, ACP, सीनियर के साथ बड़े पैमाने पर पुलिस मौके पर पहुंच गए. पुलिस और बढ़ते भीड़ के बीच धक्का मुक्की भी हुई. बाद में पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, जिसमे कई लोगों को चोटें आईं हैं. डीसीपी श्रीकांत परोपकारी, एडिशनल कमिश्नर ज्ञानेश्वर चव्हाण ने बताया कि कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है. मामला दर्ज करने के बाद जांच जारी है.

### जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में

## SST कॉलेज ने 6 गोल्ड, 3 सिल्वर, 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते



**उल्हासनगर.** क्रिडा व युवक सेवा संचालनालय महाराष्ट्र राज्य पुणे, जिला क्रीड़ा परिषद और क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय ठाणे और उल्हासनगर महानगरपालिका द्वारा संयुक्त रूप से उल्हासनगर के आरकेटी महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में एसएसटी महाविद्यालय ने अपने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाए रखा। इस प्रतियोगिता में एसएसटी महाविद्यालय ने कुल 6 गोल्ड, 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिला स्तरीय बॉक्सिंग में अपनी छाप छोड़ी।

19 साल से कम उम्र के लड़कों के वर्ग में इमरान जहांगीरदार, चंदन चव्हाण और माणिक राठौड़ ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। उनकी मेहनत और कौशल को न्याय दिलाते हुए, उन्होंने महाविद्यालय का नाम रोशन किया। दुर्वेश जाधव ने कड़ी टक्कर में सिल्वर मेडल जीता, जबकि आदर्श गुप्ता ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

19 साल से कम उम्र की लड़कियों के वर्ग में आराधना यादव, प्राची सोनवणे और अंकिता गौड़ ने गोल्ड मेडल जीतकर मैदान पर अपनी दृढ़ता और कौशल को साबित किया। शिबा शेख और सरूर रजक ने सिल्वर मेडल जीतकर अपनी मेहनत का फल पाया, जबकि सानिका वाडकर ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने नाम एक और पदक जोड़ा।

महाविद्यालय की इस शानदार उपलब्धि से खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का उत्साह दोगुना हो गया है, और उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की जा रही है। एसएसटी महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने अपने कौशल से जिला स्तर पर बॉक्सिंग क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

### कल्याण में धूमधाम से मनाया गया

## सार्वजनिक विश्वकर्मा पूजा एवं सांस्कृतिक समारोह




- भक्ति गीत पर झूम उठे श्रोता
- पंडित सुधीशजी महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ विश्वकर्मा महापुराण
- 18 सालों से पहल कर रही श्रीविश्वकर्मा समाज सेवा संस्था

**कल्याण.** श्री विश्वकर्मा समाज सेवा संस्था कल्याण की ओर से मंगलवार को सार्वजनिक विश्वकर्मा पूजा एवं सांस्कृतिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। सुबह पूजा-अर्चना के बाद पंडित सुधीशजी महाराज ने विश्वकर्मा महापुराण की कथा सुनाई। शाम को भजन-संध्या के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। भोजपुरी की मशहूर गायिका ममता उपाध्याय ने 'आओ-आओ गजानन आओ' और 'नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो, चरण हो राघव के, जहां मेरा ठिकाना हो' नामक गीत गाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं गायक कलाकार हैप्पी यादव ने लोकगीत और भगवान विश्वकर्मा की भक्ति गीत पेश की। इस दौरान प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित कल्याण के वरिष्ठ पत्रकार एवं दैनिक भास्कर के प्रतिनिधि एसएन दुबे, बीजेपी के शहर अध्यक्ष वरूण पाटील और प्रोफेसर डा.चंद्रशेखर गुप्ता का संस्था की ओर से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष श्यामसुंदर विश्वकर्मा, सचिव रामप्रताप विश्वकर्मा, बलभद्र विश्वकर्मा, रविन्द्र विश्वकर्मा, दामोदर विश्वकर्मा, मनोज शर्मा, राजकुमार सहानी, राजेश शर्मा, राजू विश्वकर्मा, कुबेर विश्वकर्मा और महेश गुप्ता, राजनाथ विश्वकर्मा, जितेंद्र सहानी, योगेंद्र सिंह, पन्नेलाल विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, अजय सहानी, जयप्रकाश शर्मा एवं रामनिवास गुप्ता सहित संस्था के तमाम पदाधिकारी मौजूद थे।कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार (सर) ने किया और संस्था के अध्यक्ष रविंद्र शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## टोरेंट पावर का विद्युत सुरक्षा और ऊर्जा संरक्षण जागरूकता अभियान

### जिला परिषद स्कूल, राहनाल में सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन.




**भिवंडी.** बिजली के बारे में सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल में, टोरेंट पावर लिमिटेड, भिवंडी की तरफ से जिला परिषद स्कूल, राहनाल में एक व्यापक सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन किया.सत्र में 60 छात्रों, स्कूल प्रबंधन और टोरेंट पावर अधिकारियों ने भाग लिया, का उद्देश्य युवा दिमाग को बिजली के बारे में आवश्यक ज्ञान के साथ सशक्त बनाना था.

इस सत्र में बिजली से संबंधित आवश्यक विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिससे छात्रों को इसके उपयोग और इससे जुड़े संभावित खतरों के बारे में मौलिक जानकारी मिली. दैनिक जीवन में सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए, प्रतिभागियों को विद्युत उपकरणों का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में शिक्षित किया गया.सत्र के मुख्य विषयों में बिजली संरक्षण तकनीकों पर चर्चा और छात्रों को घर और स्कूल में ऊर्जा-बचत प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल था.टोरेंट पावर के अधिकारियों ने रेसिडुअल करंट सर्किट ब्रेकर (आरसीसीबी) के महत्व का भी प्रदर्शन किया, यह बताते हुए कि यह उपकरण बिजली के झटके को कैसे रोक सकता है और जीवन बचा सकता है. इंटरैक्टिव सत्र ने छात्रों को सक्रिय रूप से संलग्न करने, प्रश्न पूछने और प्रदर्शनों में भाग लेने का मौका दिया, जिससे सीखने का अनुभव जानकारीपूर्ण और सुखद दोनों हो गया. स्कूल प्रबंधन ने सामुदायिक शिक्षा और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए टोरेंट पावर का आभार व्यक्त किया.स्कूल प्रबंधन के एक प्रतिनिधि ने कहा, यह पहल न केवल विद्युत सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाती है, बल्कि हमारे छात्रों को ज्ञान के साथ सशक्त बनाती है जो वे अपने घरों और समाज में लेकर जा सकते हैं.

### माता दुर्गेश्वरी देवी के मंडप का मुख्यमंत्री शिंदे के हाथों से हुआ पूजन

**ठाणे.** वंदनीय स्वर्गीय गुरुवर्य धर्मवीर आनंद दिघे ने शहर स्थित टेंभी नाका परिसर में नवरात्र उत्सव का शुरुआत किया था जो सालों से यह परंपरा हर साल बड़ी श्रद्धा भाव से किया जाता है। इस साल भी जय अंबे माता सार्वजनिक नवरात्रोत्सव मंडल की ओर से माता दुर्गेश्वरी देवी के मंडप का जयकारा लगाते हुए राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों से विधिविधान से किया गया।

इस अवसर पर सांसद नरेश म्हस्के, पूर्व विधायक रवींद्र फाटक, विधायक संजय केलकर,विधायक निरंजन डावखरे, पूर्व नगरसेवक अशोक वैती,शिवसेना महिला जिला संगठक मिनाक्षी शिंदे, ठाणे विधानसभा प्रमुख हेमंत पवार, परिवहन सभापति विलास जोशी, जैन मंदिर ट्रस्ट के सोलंकी सहित बड़ी संख्या में शिवसेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ता की उपस्थित थे।

### आम सूचना

मैं श्रीमती बरखा दिलीप वलेच्छा सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, 1ला मजला, यु.नं. 111, शिट नं. 65, बैरक नंबर 631 के पास, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 19बीआय016060700(पार्ट) श्री दिलीप गंगाराम वलेच्छा इन्होंने उपरोक्त प्रापर्टी श्रीमती कंचन एच. भोनेजा से सेल एग्रीमेंट दि. 5.4.2019 द्वारा खरीदी है। उन्होंने उपरोक्त प्रापर्टी श्री सुंदर मोहनदास दौलतानी से सेल एग्रीमेंट 22.6.2010 द्वारा खरीदी है। सुंदर मोहनदास दौलतानी ने श्रीमती मोहिनी मोहनदास दौलतानी ने सेल एग्रीमेंट 15.2.2009 द्वारा खरीदी किया है। श्री दिलीप गंगाराम वलेच्छा ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 29.1.2022 सी.नं. 911/2022 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती बरखा दिलीप वलेच्छा**

### आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा सभी को सूचित किया जाता है कि मैं एडवोकेट श्री महेंद्रसिंग सेवासिंग सोदी सभी को सूचित कर रहा हूं कि मेरी जायदाद घर, बैरक नं. 1864 के सामने, सेक्शन 39, वीर तानाजी नगर, उल्हासनगर - 421005 और दूसरी प्रॉपर्टी बैरक नं. बी- 32, रुम नं. 191, एक भाटिया हॉस्पिटल के सामने, साईबाबा मंदिर के पास, उल्हासनगर- 421005 जिला ठाणे मुंबई. मेरा मूल गांव अगवानी, पोस्ट माटोर वाया खैरताल. जिला अलवर यहां पर मेरी 8 बिशवा जमीन है। मैं अपने बेटे श्री रविंद्र सिंह महेंद्रसिंग सोदी को उपरोक्त दर्शायी हुई सभी चल अचल संपत्ति जायदाद से पूरी तरह बेदखल कर रहा हूं। मेरे किसी भी जायदाद, बैंक अथवा मेरे संबंधित किसी भी चीज में उसका हक नहीं रहेगा। मेरा बेटा श्री रविंद्र सिंह महेंद्रसिंग सोदी पिछले तीन सालों से अलग रहता है। मेरा उससे किसी भी तरह का संबंध नहीं है। जो कोई भी मेरे बेटे श्री रविंद्र सिंह महेंद्रसिंग सोदी से किसी भी तरह का व्यवहार करेगा तो वो अपनी जिम्मेदारी से करेगा मेरा इसमें कोई भी वास्ता नहीं होगा।

सही/-
**एड. श्री महेंद्रसिंग सेवासिंग सोदी**
फोनः- 9922161354 / 8329790488

## विसर्जन घाटों पर नींबू शरबत व शीतल जल का वितरण




उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** राजस्थान प्रगती मंडल की ओर शहर में स्थित विसर्जन घाटों पर पिछले 35 साल से भक्तों व नागरिकों के लिए नींबू शरबत व शीतल जल की व्यवस्था करती है।मंडल के अध्यक्ष राकेश मोदी ने बताया कि हमारी संस्था परप्रांतिय संस्था में सेवाभाव के क्षेत्र में सबसे अग्रणी भूमिका निभाती है।मोदी ने कहा कि सबसे बड़ी बात तो यह है कि भूखे को भोजन और प्यासे को पानी पिलाना चाहिए उसी प्रेणना से हमारी संस्था सालों से कार्य कर रही है।इस अवसर पर वीरेंद्र रूंगटा,शिव भाऊवाना, राज अरोरा,सुधीर मसकारा,सतीश अग्रवाल, मनीष मित्तल उपस्थित थे।

### आम सूचना

मैं श्री मुकेश चेतनदास करमचंदानी उम्र 41 वर्षीय सभी को सूचित कर रहा हूं कि मेरी जायदाद बैरक नं. ए-22, रुम नं. 132, ओटी सेक्शन, गोल मैदान, उल्हासनगर- 421001. इस जायदाद के कागजात जिसमें ओरिजनल सेल एग्रीमेंट जो 12 फरवरी 2021 वर्ष की है। इस सेल एग्रीमेंट में दर्शाया गया है कि श्री अजय एस. शिवनानी व श्री सुनील जी. दावानी ने यह जायदाद मुझे यानी श्री मुकेश चेतनदास करमचंदानी को नोटरी सेल एग्रीमेंट के तहत लिखकर दी है। यह ओरिजनल सेल एग्रीमेंट कहीं खो गई है। जिसकी शिकायत मैंने उल्हासनगर पुलिस थाने में 29.8.2024 को मिसिंग रजिस्टर नं. 724/2024 को दर्ज कराई है। अगर किसी व्यक्ति को उपरोक्त जायदाद की ओरिजनल सेल एग्रीमेंट मिलती है तो वो उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में संपर्क। इस आम सूचना के प्रकाशित होने के सात दिनों बाद इस ओरिजनल कागजात को दोबारा बनाए जाएगा।

सही/-
**श्री मुकेश चेतनदास करमचंदानी**

## कंगना रनोट ने शादी को लेकर दिए संकेत

- कहा- सांसदी के इसी कार्यकाल में कर लूंगी शादी, आगे कोई फायदा नहीं



कंगना रनोट इन दिनों अपनी फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच अब कंगना ने अपनी शादी को लेकर चुप्पी तोड़ी है। एक इंटरव्यू के दौरान कंगना ने बताया कि आखिर वो कब शादी करेंगी।

एक इंटरव्यू में कंगना रनोट ने कहा कि वो शादी करना चाहती हैं। कंगना से जब पूछा गया कि क्या वो सांसदी के इसी कार्यकाल के दौरान शादी करेंगी? इसपर कंगना ने कहा कि उम्मीद तो है, क्योंकि इसके बाद शादी करने का कोई फायदा नहीं हैं।

कंगना से आगे पूछा गया कि उनकी शादी की उम्मीद कब तक कर सकते हैं। इसका जवाब देते हुए एक्ट्रेस हंस पड़ीं और बोलीं पहले आप मेरी फिल्म रिलीज कराइए, फिर मैं आपको अगली बार बताऊंगी। चिराग पासवान को लेकर एक सवाल पर कंगना ने कहा कि हमारे बीच में ऐसा कुछ नहीं है, वो मेरे अच्छे दोस्त हैं। हमने साथ में फिल्म भी की है, वो एक बहुत हंबल इंसान है।

बता दें, कंगना रनोट फिल्म 'इमरजेंसी' में देश की पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन भी उन्होंने खुद ही किया है।




उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099